THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"

| DATE- 04/ 10 / 2024<br>GRADE- 9 AB | TERM -1 [2024 -25 ]<br>HINDI [2ND Language] | Max marks- 80<br>Time – 3 Hrs |
|---|---|---|

सामान्य निर्देश :
1. निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए |
2. प्रश्नों के उत्तर अंक अनुसार व क्रमानुसार दीजिए |

| प्रश्न | | अंक |
|---|---|---|
| I | नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | |
| | प्रकृति का संतुलन बिगड़ने की दशा में मनुष्य दो -तीन वर्षों के दौरान इतना बढ़ चुका है कि अब पीछे हटना असंभव सा लगता है। जिस गति से हम विभिन्न क्षेत्रों में प्राकृतिक संतुलन बिगड़ते रहते है ,उसमे कोई भी कमी व्यावहारिक नहीं प्रतीत होती,क्योंकि हमारी अर्थव्यवस्थाएँ और दैनिक आवश्कताएँ उस गति के साथ जुड़ सी गई है। क्या हमें ज्ञात नहीं कि जिसे हम अपना आहार समझ रहे है वह वस्तुतः हमारा दैनिक विष है ,जो सामूहिक आत्महत्या की दिशा में हमें लिए जा रहा है ? जंगलों को ही ले लो यह एक प्रकट तथ्य है कि विभिन्न देशों की वन संपत्ति अत्यंत तीव्र गति क्षीण होती जा रही है। भारत के विभिन्न प्रदेशों विशेषकर पूर्वांचल के राज्यों, तराई,उत्तर प्रदेश ,हिमाचल प्रदेश आदि के जंगल भरी संख्यां में काटे जा रहे है। खूब अच्छी तरह यह जानते हुए भी जंगलों को काटने का मतलब होगा भूमि को आरक्षित करना, बाढ़ों को बढ़ावा देना और मौसम के बदलने में सहायक बनना। | |
| | निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए - | |
| 1. | प्रकृति का संतुलन बिगड़ने का कार्य कौन कर रहा है ?<br>a) मनुष्य<br>b) पशु<br>c) आदिमानव<br>d) पेड़ -पौधे | 1 |
| 2. | हमारा दैनिक विष क्या है ?<br>a) तम्बाकू सेवन<br>b) मदिरा सेवन<br>c) भोज्य पदार्थ<br>d) शीतल पेय | 1 |
| 3. | जंगलों को काटने का क्या मतलब होगा ?<br>a) खेत बनाना<br>b) भूमि को आरक्षित करना<br>c) फर्नीचर बनाना<br>d) रास्ता बनाना | 1 |
| 4. | इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक सुझाईये और उसकी पुष्टि कीजिए | | 2 |
| 5. | भारत के किन प्रदेशों के जंगलों की कटाई हो रही है और इसका क्या परिणाम होगा ? | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| II | सत्साहसी व्यक्ति में एक गुप्त शक्ति रहती है, जिसके बल से वह दूसरे मनुष्य को दु:ख से बचाने के लिए प्राण तक देने को प्रस्तुत हो जाता है। धर्म, देश, जाति और परिवार वालों के ही लिए नहीं, किन्तु संकट में पड़े हुए अपरिचित व्यक्ति के सहायतार्थ भी उसी शक्ति की प्रेरणा से वह हमारे संकटों का सामना करने को तैयार हो जाता है। अपने प्राणों की वह लेशमात्र भी परवाह नहीं करता। हर प्रकार के क्लेशों को प्रसन्नतापूर्वक सहता और स्वार्थ के विचारों को वह फटकने तक नहीं देता।सत्साहस के लिए अवसर की राह देखने की आवश्यकता नहीं, क्योंकि सत्साहस दिखाने का अवसर प्रत्येक मनुष्य के जीवन में पल-पल में आया करता है। देश, काल और कर्तव्य का विचार करना चाहिए और स्वार्थरहित होकर साहस न छोड़ते हुए कर्तव्य-परायण बनने का प्रयत्न करना चाहिए। | |
| | निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए - | |
| 6 | सत्साहसी व्यक्ति के पास कौन-सी शक्ति रहती है? (सही उत्तर का चयन कीजिए)<br>(a) दैवी शक्ति<br>(b) धन की शक्ति<br>(c) गुप्त शक्ति<br>(d) शारीरिक शक्ति | |
| 7 | सत्साहसी व्यक्ति इनका मुकाबला करने को तैयार हो जाता है<br>(a) संकटों का<br>(b) विरोधियों का<br>(c) कमज़ोर व्यक्तियों का<br>(d) सबका | |
| 8 | .......सत्साहसी व्यक्ति के पास नहीं फटकते। (सही कथन का चयन कीजिए)<br>(a) प्रसन्नता के विचार<br>(b) क्लेश के विचार<br>(c) सहायता के विचार<br>(d) सहयोग के विचार | |
| 9 | सत्साहस दिखाने का अवसर कब आता है? | |
| 10 | हमें कैसे कर्तव्य-परायण बनने का प्रयत्न करना चाहिए। | |

| | व्यावहारिक व्याकरण | |
|---|---|---|
| III | निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार लिखिए | |
| 11 | 'विस्मयबोधक' वाक्य का उदहारण लिखिए | 1 |
| 12 | तुम उधर मत बैठो \| - वाक्य भेद लिखिए | 1 |
| 13 | उसने झूट नहीं बोला \| -वाक्य को विधानवाचक वाक्य में बदलिए | 1 |
| 14 | प्रकृति का संतुलन बिगड़ने का कार्य कौन कर रहा है ?- वाक्य भेद पहचानिए | 1 |
| 15 | 'संकेतवाचक' का उदहारण लिखिए \| | 1 |
| 16 | दो अनुनासिक शब्दों का उदहारण लिखिए | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| **17** | निम्नलिखित शब्दों के उचित स्थान पर अनुस्वार का चिन्ह लगाईए - ‘ कपन , सकट’ | **2** |
| **18** | संधि किसे कहते और उसके कितने भेद होते है ? | **2** |
| **19.** | स्वर + अक्षर = स्वराक्षर - संधि का भेद लिखिए | **1** |
| **20** | उचित उपसर्ग का प्रोग कर दिए गए शब्दों से नए वाक्य बनाईये - ‘ सत्य , शासन’ | **2** |
| **21** | ‘ बीमारी , वैज्ञानिक’ - दिए गए शब्दों के प्रत्यय और मूल शब्द को अलग कीजिए | **2** |
| | पाठ्यपुस्तक | |
| **IV** | <u>निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए</u> | |
| | इन नए बसते इलाकों में<br>जहाँ रोज़ बन रहे हैं नए-नए मकान<br>मैं अकसर रास्ता भूल जाता हूँ।<br><br>धोखा दे जाते हैं पुराने निशान<br>खोजता हूँ ताकता पीपल का पेड़<br>खोजता हूँ ढहा हुआ घर<br>और ज़मीन का खाली टुकड़ा जहाँ से बाएँ<br>मुड़ना था मुझे<br>फिर दो मकान बाद बिना रंगवाले लोहे के फाटक का<br>घर था इकमंज़िला<br><br>और मैं हर बार एक घर पीछे<br>चल देता हूँ<br>या दो घर आगे ठकमकाता<br><br>यहाँ रोज़ कुछ बन रहा है<br>रोज़ कुछ घट रहा है<br>यहाँ स्मृति का भरोसा नहीं। | |
| **22** | प्रस्तुत पद्यांश में कवि रास्ता क्यों भूल जाता है?<br>(क) नए नए मकान बनने से<br>(ख) नए इलाके बसने से<br>(ग) कवि की स्मृति घट रही है<br>(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं | **1** |
| **23** | “यहाँ रोज़ कुछ बन रहा है<br>रोज़ कुछ घट रहा है<br>यहाँ स्मृति का भरोसा नहीं” यह पंक्ति कवि किसके लिए कह रहा है?<br>(क) स्वयं के लिए<br>(ख) नए इलाके के लिए | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) इस नई दुनिया के लिए<br>(घ) अपने गांव के लिए | |
| **24** | प्रस्तुत पद्यांश में कवि को कौन धोखा दे जाता है**?**<br>(क) नई गलियां<br>(ख) पुराने निशान<br>(ग) एकमंजिला घर<br>(घ) ढहा हुआ घ | **1** |
| **25** | प्रस्तुत पद्यांश में कवि किसको खोज रहा है**?**<br>(क) अपने परिवार को<br>(ख) ढहे हुए घर को<br>(ग) अपने नगर को<br>(घ) अपने घर को | **1** |
| **26** | प्रस्तुत पद्यांश के कवि का नाम **?**<br>(क) अरुण कमल<br>(ख) निराला<br>(ग) रामधारी सिंह दिनकर<br>(घ) सुमित्रानंदन पन्त | **1** |
| **V** | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए | |
| | आज तुम्हारे आगमन के चतुर्थ दिवस पर यह प्रश्न बार-बार मन में घुमड़ रहा है-तुम कब जाओगे, अतिथि?तुम जहाँ बैठे निस्संकोच सिगरेट का धुआँ फेंक रहे हो, उसके ठीक सामने एक कैलेंडर है। देख रहे हो ना! इसकी तारीखें अपनी सीमा में नम्रता से फड़फड़ाती रहती हैं। विगत दो दिनों से मैं तुम्हें दिखाकर तारीखें बदल रहा हूँ। तुम जानते हो, अगर तुम्हें हिसाब लगाना आता है कि यह चौथा दिन है, तुम्हारे सतत आतिथ्य का चौथा भारी दिन! पर तुम्हारे जाने की कोई संभावना प्रतीत नहीं होती।लाखों मील लंबी यात्रा करने के बाद वे दोनों एस्ट्रॉनॉट्स भी इतने समय चाँद पर नहीं रुके थे, जितने समय तुम एक छोटी-सी यात्रा कर मेरे घर आए हो। तुम अपने भारी चरण-कमलों की छाप मेरी ज़मीन पर अंकित कर चुके, तुमने एक अंतरंग निजी संबंध मुझसे स्थापित कर लिया, तुमने मेरी आर्थिक सीमाओं की बैंजनी चट्टान देख ली; तुम मेरी काफ़ी मिट्टी खोद चुके।अब तुम लौट जाओ, अतिथि! तुम्हारे जाने के लिए यह उच्च समय अर्थात हाईटाइम है। क्या तुम्हें तुम्हारी पृथ्वी नहीं पुकारती ? | |
| **27** | लेखक के घर में अतिथि को कितने दिन हो गए थे**?**<br>1) दो<br>2) चार<br>3) पाँच<br>4) तीन | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| **28** | लेखक अतिथि से क्या चाहता है**?**<br>1) वह लेखक के ही घर में रहे<br>2) एक-दो दिन और रुकें<br>3) वह जल्दी चला जाए<br>4) इनमें से कोई नहीं | **1** |
| **29** | लेखक को अतिथि से क्या उम्मीद थी**?**<br>1) वह कुछ काम करेगा<br>2) वह लेखक की मदद करेगा<br>3) वह अगले ही दिन चला जाएगा<br>4) इनमें से कोई नही | **1** |
| **30** | पाठ का नाम चुनिए **?**<br>1. आ जाओ अथिथि<br>2. तुम कब जाओगे ,अतिथि<br>3. अतिथि , तुम कब जाओगे<br>4. इनमे से कोई नहीं | **1** |
| **31** | प्रस्तुत गद्यांश के लेखक का नाम चुनकर लिखिए।<br>1. आकाश जोशी<br>2. शरद जोशी<br>3. अम्बर जोशी<br>4. जोशी कुमार | **1** |
| | खंड ब- वर्णनात्मक प्रश्न | |
| | पाठ्यपुस्तक | |
| **VI** | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **3x 3=9** |
| 32 | जब अतिथि चार दिन तक नहीं गया तो लेखक के व्यवहार में क्या-क्या परिवर्तन आए? | |
| 33 | दुख का अधिकार पाठ के आधार पर बताइए कि मनुष्य के जीवन में पोशाक का क्या महत्व है? | |
| 34 | बाजार के लोग स्त्री के विषय में क्या क्या बात कह रहे थे अपने शब्दों में बताइए? | |
| 35 | महादेव जी के किन गुणों ने उन्हें सबका लाडला बना दिया था? | |
| **VII** | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **3x 3=9** |
| **36** | प्रेम का धागा टूटने पर पहले की भाँति क्यों नहीं हो पाता? | |
| **37** | ‘खुशबू रचते हैं हाथ’ में कौन-सी समस्या समाज के लिए घातक है? | |
| **38** | रैदास के पद के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि रैदास की उनके प्रभु के साथ अटूट संबंध हैं। | |
| **39** | अग्नि पथ’ कविता थके-हारे निराश मन को उत्साह एवं प्रेरणा से भर देती है। स्पष्ट कीजिए। | |

| | लेखन | |
|---|---|---|
| VIII | निम्नलिखित में से किसी **1** विषय पर दिए गए संकेत **-**बिंदुओं के आधार पर लगभग **80 -100** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए<br><br>अ.**]** ग्लोबल वार्मिंग**-**मनुष्यता के लिए खतरा<br>● ग्लोबल वार्मिंग के कारण<br>● ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव<br>● समस्या का समाधान।<br><br>अथवा<br><br>ब.**]** सबको भाए मधुर वाणी<br>● मधुर वाणी सबको प्रिय<br>● मधुर वाणी एक औषधि<br>● मधुर वाणी का प्रभाव<br>● मधुर वाणी की प्रासंगिकता। | **6** |
| **IX** | अ**]** परीक्षा के एक दिन पूर्व दो मित्रों की बातचीत का संवाद लेखन कीजिए।<br><br>अथवा<br><br>ब**]** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए प्रथम एकदिवसीय मैच के संबंध में दो मित्रों की बातचीत का संवाद लेखन कीजिए। | **5** |
| **X** | अ.**]** आपके विद्यालय से जम्मू-कश्मीर भ्रमण हेतु छात्रों का एक दल जा रहा है। इस यात्रा में शामिल होने के कारणों का उल्लेख करते हुए अपने पिता जी से अनुमति माँगते हुए पत्र लिखिए।<br><br>अथवा<br>ब.**]** अपने पिता जी को पत्र लिखकर सूचित कीजिए कि वार्षिक परीक्षा के लिए आपकी तैयारी कैसी है। | **6** |
| **XI** | अ.**]** आपके मित्र का दुर्घटना हो जाती हैं। लेकिन आप उनसे मिलने नहीं जा पाते, इस संबंध में उन्हें एक सांत्वना संदेश **40** शब्दों में लिखिए**?**<br><br>अथवा<br><br>ब.**]** नववर्ष की बधाई देते हुए चाचा जी को एक संदेश लिखें**?** | **5** |